# देशभर में 50 स्थानों पर लगेंगे एसी पुर्जों के प्लांट

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : देश के 12 राज्यों में 50 स्थानों पर एसी व एलईडी कलपुर्जों के प्लांट लगेंगे। सरकार मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) के प्रस्ताव की मंजूरी देने में तेजी ला रही है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) सचिव अनुराग जैन के मुताबिक एफडीआइ से जुड़े सिर्फ 29 प्रस्ताव मंजूरी के लिए लंबित है। सरकार ने पिछले साल देश की सुरक्षा के मद्देनजर सीमा से सटे पड़ोसी देशों के एफडीआइ प्रस्ताव को सरकारी जांच के बाद ही मंजूरी का फैसला लिया था।

जैन के मुताबिक डीपीआइआइटी राष्ट्रीय स्तर पर बनाए गए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के दायरे को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है ताकि मैन्यूफैक्चरिंग प्रस्ताव से जुड़े आवेदन की स्थिति को आनलाइन जाना जा सके और निवेशकों को सहूलियत दी जा सके। पीएलआइ स्कीम के तहत देश के 12 राज्यों के 50 स्थानों पर एसी कलपुर्जों के प्लांट लगाने की योजना है। इसके तहत गुजरात में 10, उप्र में छह, आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र में पांच-पांच, हरियाणा, राजस्थान और तमिलनाडु में चार-चार, कर्नाटक में दो और गोवा व हिमाचल प्रदेश में एक-एक प्लांट शामिल हैं। इस साल अप्रैल में केंद्र सरकार ने एसी व एलईडी लाइट्स के कलपुर्जों के निर्माण को पीएलआइ स्कीम के तहत मंजूरी दी थी।

**12** राज्यों में होंगे एसी कल-पुर्जों के प्लांट

**10** प्लांट गुजरात में, उत्तर प्रदेश में छह लगेंगे